>

Title : Need to declare Valmiki Nagar in district West Champaran, Bihar as a national tourist place.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): बिहार राज्य के परिश्चमी चम्पारण जिला का सीमावर्ती "बाल्मीकि नगर" पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अपने ऐतिहासिक महत्व एवं प्राकृतिक सम्पदा से सुसम्पन्न यह क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय महत्व के पर्यटन स्थल की क्षमता रखता है। यहां महर्षि बाल्मीकि का प्रसिद्ध आश्रम है। यह क्षेत्र लवकुश की क्रीड़ा स्थली रहा है। यह क्षेत्र गंडक एवं सोनहा नदियों के संगम पर अवस्थित है। गंडक बराज से यह नेपाल को जोड़ता है। गंडक बराज नेपाल का प्रवेश द्वार है। यहां नरदेवी एवं जयशंकर महादेव प्रसिद्ध मंदिर है। हिमालय की तलहटी में बसा ये भूखंड बिहार का स्वर्ग है। सदियों से यह क्षेत्र उपेक्षा का शिकार रहा है। यहां सोना उगलने वाली नदियां हैं तथा बेशकीमती जंगल, पहाड़ एवं उपजाऊ जमीन है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बाल्मीकि नगर को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित करने की भारत सरकार कार्रवाई करे।